झारखण्ड सरकार

झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

पत्रांकः— रा0खा0आ0 (विविध) 04 / 2023— 378

प्रेषक,

संजय कुमार
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

सेवा में,

सचिव
खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग,
झारखण्ड, राँची।

राँची, दिनांकः— 08.06.2023

विषयः— **परिवादी श्री सागर कुमार मंडल, ग्राम+पो0—चिकनियाँ, प्रखण्ड—जामा, जिला—दुमका से प्राप्त परिवाद—पत्र पर कार्रवाई के सम्बन्ध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में निदेशानुसार कहना है कि श्री सागर कुमार मंडल, ग्राम+पो0—चिकनियाँ, प्रखण्ड—जामा, जिला—दुमका का परिवाद—पत्र आयोग को प्राप्त हुआ है। प्राप्त परिवाद—पत्र में वित्तीय वर्ष 2023—24 हेतु DSD Auction के लिये दुमका जिले के सभी प्रखण्डों के संवेदकों द्वारा एक ही कम्प्यूटर, एक ही स्थान एवं एक ही IP Address Network से Auction में भाग लिये जाने का उल्लेख किया गया है। परिवादी द्वारा यह भी उल्लेख किया गया है कि इस Auction में जामा प्रखण्ड में DSD के लिये श्री सिकन्दर प्रसाद यादव का चयन किया गया है, जो प्रावधानों के विरूद्ध एवं नियमों के विरूद्ध तथा अवैधानिक है चूंकि इन्होंने भी एक कम्प्यूटर एवं एक ही IP Address से टेंडर भरा था।

अतः प्राप्त परिवाद—पत्र की प्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की जा रही है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करने की कृपा की जाय।

अनुलग्नकः— यथोक्त।

विश्वासभाजन

8/6/23

(संजय कुमार)
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

E:\Ziyaul\Vinod Sir\Letter.docx332

पता—झारखण्ड राज्य आवास बोर्ड के पुराने भवन का द्वितीय तल, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, राँची—834002
email-jharfoodcommission@gmail.com, Ph. No:-06512252267/2252261
Website:-www.jharkhandsfc.in

M.S.
Forward it to
Secretary food & civil supply.
30/05/2023

सेवा में,

श्रीमान् खाद्य आयोग
झारखण्ड सरकार, राँची।

30/5/23

30/05/23

विषय :- दुमका जिला के सभी प्रखण्ड- दुमका सदर, जामा, रामगढ़, रानेश्वर, सरैयाहाट, जरमुण्डी, काठीकुण्ड, गोपीकान्दर, मसलिया एवं शिकारीपाड़ा में D.S.D. (Door Step Delivery) वित्तीय वर्ष 2023-24 में मार्च 2024 तक के लिए डाले गए Tender में गलत ढंग से संवेदक को चुनने के संबंध में।

महाशय्

53
30.5.23

दुमका जिले के सभी प्रखण्ड- दुमका सदर, जामा, रामगढ़, रानेश्वर, सरैयाहाट, जरमुण्डी, काठीकुण्ड, गोपीकान्दर, मसलिया एवं शिकारीपाड़ा में Door to door Step Delivery के लिए Auction दिनांक 10.05.2023 को हुआ है।

लेकिन इन सभी प्रखण्डों के संवेदकों ने एक ही कम्पयुटर से एवं एक ही जगह से एवं एक ही IP Address Network से सभी संवेदकों ने Auction में भाग लिया जबकि नियमानुसार सभी संवेदकों को अलग-अलग Computer, I.P. Address से Auction में भाग लेना था।

इस Auction जामा प्रखण्ड में D.S.D. के लिए सिकन्दर प्रसाद यादव का चयन किया गया है, जो प्रावधानों के विरूद्ध एवं नियमों के विरूद्ध तथा अवैधानिक है, क्योंकि इन्होंने भी एक ही Computer एवं I.P. Address से Tender भरा था।

अतः श्रीमान् से निवेदन है कि उपरोक्त विन्दुओं की गंभीरता को देखते हुए एक ही Computer एवं I.P. Address पर चुने गए संवेदकों के Tender को रद्द किया जाय एवं नए सिरे से Tender डालने की तिथि र्निधारित की जाय ताकि नियमानुसार D.S.D. के लिए संवेदक का चयन हो सके।

इस कार्य के लिए मैं आभारी रहूँगा।

आपका विश्वासी

Sagar Kr Mandal

(सागर कुमार मंडल)
ग्राम+पोस्ट- चिकनियाँ,
प्रखण्ड-जामा, जिला- दुमका

प्रतिलिपि प्रेषित :
C1 इंडिया प्रा० लि०